महत्वपूर्ण एवं खास

बंदरों की हत्या पर वन विभाग ने की कार्यवाही

जल्द ही चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया जायेगा

कबीरधाम (आरएनएस)। हरीश कुमार चौहान गौ सेवक जीव सेवक संघ द्वारा दूरभाष से सूचना दिया गया कि ग्राम पंचायत कोसमंदा, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा निर्दयता पूर्वक बंदरों की हत्या की गई है। सूचना प्राप्त होते ही वन परीक्षेत्र सहसपूर लोहरा के वन अमला मौके पर जाकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया। मौके पर छह बंदर मृत अवस्था में पाए गए जिसे वन विभाग के अमला द्वारा तत्काल शवों को अपने सुपुर्द में लेकर नियमानुसार अज्ञात आरोपी के विरुद्ध जप्ती नामा तैयार कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20792 /09 दिनांक 13.05.2025 दर्ज कर विधिवत कार्यवाही करते हुए प्रकरण विवेचना में लिया गया। जल्द ही कार्यवाही पूर्ण कर चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया जायेगा

अवैध रूप से शराब बेचते युवती गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी की खमतराई थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक युवती चांद देवार को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 16.560 बल्क लीटर देशी मंदिरा प्लेन जप्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 17.05.25 को थाना खमतराई पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि डेरापारा रावाभाटा में एक महिला अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रही है। मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश देकर के बताए हुलिए के महिला को पकड़ा गया जो अपना नाम चांद देवार पिता जोगी देवार उम्र 21 निवासी डेरापारा रावाभाटा थाना खमतराई रायपुर का होना पाया गया।आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 92 पौव्वा देशी मदिरा प्लेन कीमती 7360/ रू जप्त कर, थाना खमतराई में धारा 34 (2)आबकरी एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मुख्यमंत्री ग्राम चराईडांड़ के मिर्धा परिवार की बेटी तेजस्विनी की शादी में पहुंचकर दिया आशीर्वाद

जशपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दुलदुला विकास खंड के ग्राम चराईडाड़ में मिर्धा परिवार के मनबहाल राम और श्रीमती उमा देवी की बेटी के विवाह समारोह में पहुंचकर नव वधू तेजस्विनी सिंह और अमित कुमार को अपना आशीर्वाद दिए और सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, श्री भरत सिंह, विक्रमादित्य सिंह जुदेव, सुनील गुप्ता, कृष्णा राय और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, मोबाइल फोन हुआ ब्लास्ट

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के भटगांव गांव में एक दर्दनाक हादसे में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की जान चली गई। बताया जा रहा है कि युवक रोहित सिन्हा काम से लौटने के बाद रात में अपने घर के पीछे बाड़ी में टाइल्स का काम देखने गया था। तभी तेज गर्जना के साथ आसमान से बिजली गिरी, जो सीधे उसके मोबाइल फोन से टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि मोबाइल फोन फट गया और रोहित जमीन पर गिर पड़ा। बिजली गिरने की जोरदार आवाज सुनकर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। गंभीर हालत में रोहित को पड़ोसियों की मदद से एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना के बाद से परिवार में शोक का माहौल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

मुख्यमंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

जशपुर | आरएनएस

ऑपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम दुलदुला विकासखंड के चराईडांड शिव मंदिर से आम बगीचा तक आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत , नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव भरत सिंह,विक्रमादित्य सिंह जुदेव, सुनील गुप्ता, कृष्णा राय, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर रोहित व्यास, एस एस पी शशी मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और जनप्रतिनिधिगण, पंचायत एवं नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, अधिकारी, आम नागरिक, बच्चे एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

लोगों ने हाथ में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक यात्रा में शामिल हुए

यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम और 'जय हिंद' के नारों से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान है, बल्कि यह हमारे शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। यह अभियान देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सशक्त बनाने का प्रतीक है।"ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पूरे जिले में एक साथ तिरंगा यात्रा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना, जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं, मातृशक्ति एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि कम समय में इतनी बड़ी भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता एकजुट होकर राष्ट्र के लिए खड़ी है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। यह अभियान उन शहीद जवानों को समर्पित है जिन्होंने अपनी शहादत से राष्ट्र का मान बढ़ाया। उन्होंने उल्लेख किया कि उरी हमले के बाद जिस प्रकार से सेना ने जवाब दिया, और हाल ही में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा की गई कायरतापूर्ण घटना में छत्तीसगढ़ के सपूत सहित अन्य जवानों की निर्ममहत्या का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं रक्षामंत्री के कुशल नेतृत्व में सीमापार आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त किया गया। इस तिरंगा यात्रा में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता यह संदेश देती है कि भारत एक है, और राष्ट्रहित में सभी नागरिक एकजुट हैं।

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिदूंर की सराहना हर देशवासी कर रहा है। भारतीय सेना द्वारा देश की रक्षा हेतु अदम्य साहस का परिचय देते हुऐ देश की सीमाओं की रक्षा अत्यन्त वीरता के साथ की जा रही है। इस अवसर पर भारतीय सेना के प्रयासो का समर्थन करने एवं एकजुटता दिखाने के तिरंगा यात्रा इसी तरह जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में रैली यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पंचायत एवं नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, अधिकारी, आम नागरिक, बच्चे एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए और देश के प्रति अपनी एकजुटता एवं सम्मान प्रकट किया।

ट्रेन से ड्रग्स की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

बिलासपुर | आरएनएस

बिलासपुर पुलिस द्वारा विगत तीन दिनों में मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत तीन अलग-अलग प्रकरणों में कुल 06 आरोपियों को एमडीएमए ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के निवासी शामिल हैं। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 15 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया है। साथ ही दिल्ली के प्रमुख ड्रग्स सप्लायर्स को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। यह संयुक्त कार्रवाई थाना सिविल लाइन, थाना रतनपुर एवं एसीसीयू टीम द्वारा समन्वित रूप से की गई।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि दिल्ली से उत्कल एक्सप्रेस के माध्यम से एक व्यक्ति बिलासपुर की ओर एमडीएमए ड्रग्स लेकर आ रहा है। उसलापुर स्टेशन के पास ट्रेन के रुकते ही संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया, जिसकी पहचान हरियाणा निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पार्सल मिला जिसमें एमडीएमए ड्रग्स था। पूछताछ में प्रदीप ने बताया कि यह पार्सल उसे दिल्ली निवासी शुभम ने दिया था। थाना सिविल लाइन द्वारा उक्त ड्रग्स को विधिवत जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शुभम की गतिविधियों पर पुलिस द्वारा लगातार नजर रखी जा रही थी। सूचना प्राप्त होने पर कि शुभम वाराणसी होते हुए बिलासपुर आ रहा है, पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया। रतनपुर के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर शुभम को एक कार में तीन अन्य साथियों (सुमित, रितेश, राजू) के साथ गिरफ्तार किया गया। कार की तलाशी में भी एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुआ। थाना रतनपुर में इस संबंध में अपराध पंजीबद्ध कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक अन्य विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से एक व्यक्ति एमडीएमए ड्रग्स लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ाई गई और संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसकी पहचान विवेक कुमार, निवासी जिला करौली (राजस्थान) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 3 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया। थाना सिविल लाइन में इस मामले में भी अपराध पंजीबद्ध कर ड्रग्स को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे इस नेटवर्क के अन्य पहलुओं की जानकारी प्राप्त की जा सके। मामले में पुलिस ने प्रदीप कुमार, पिता राजेन्द्र सिंह, निवासी – सोनीपत, हरियाणा, शुभम दत्त, पिता संजय दत्त, निवासी दिल्ली,सुमित कुमार, पिता राजेन्द्र कुमार, निवासी दिल्ली,रितेश शर्मा, पिता बाबूलाल शर्मा, निवासी जयराम नगर, मस्तूरी (छत्तीसगढ़),राजू सिंह, पिता रंजीत सिंह, निवासी इंदु इमेजिका कॉलोनी, चकरभाठा (छत्तीसगढ़) तथा विवेक कुमार, पिता सुरेश कुमार, निवासी जिला करौली, राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का खुलासा: प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दिल्ली से ट्रेनों के माध्यम से एमडीएमए जैसे नशीले पदार्थों की आपूर्ति की जा रही थी, जिसे भारत के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जा रहा था। आरोपियों द्वारा ड्रग्स की तस्करी के लिए रेलवे पार्सल सेवा एवं व्यक्तिगत माध्यम का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है तथा प्रकरण की विवेचना जारी है।

18 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ाये महिला समेत दो आरोपी

रायपुर | आरएनएस

राजधानी रायपुर की गंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन के बाजू एक्सप्रेस-वे पास से एक महिला एक एक पुरूष को 18 किलोग्राम 18 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा है। दोनों आरोपी मूलत: उड़ीसा के निवासी है।

प्रकरण में संलिप्त है 01 महिला आरोपी। आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 128/25 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 16.05.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन के बाजू एक्सप्रेस-वे रोड के पास कुछ व्यक्ति अपने पास गांजा रखे है तथा कही जाने की फिराक में है। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम मोह. जावेद शेख एवं शबनम आरा शेख निवासी उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में 18 किलो 380 ग्राम गांजा पाया गया। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना गंज में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 60 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद (आरएनएस)। विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 60 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गरियाबंद पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूर्व में गरियाबंद जिले में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ रह चुका है तथा वर्तमान में बलौदाबाजार जिले में विद्युत विभाग में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ है ।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 14/05/2025 को प्रार्थी महेंद्र साहू के द्वारा लिखित आवेदन पेश कर थाना पांडुका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी कुलेश्वर कुमार साहू (विद्युत विभाग बलौदाबाजार में कार्यपालन अभियंता) के द्वारा प्रार्थी से एवं उनके परिवार के सदस्यों एवं जान पहचान के लोगों से विद्युत विभाग के अलग-अलग पदों में नौकरी लगने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर 60 लाख रुपए का धोखाधड़ी किया। आवेदन जांच में प्रथम दृष्टिया अपराध धारा 318(4), 336(3) 338,340 (2) बीएनएस का घटित करना पाए जाने से आरोपी कुलेश्वर कुमार साहू के विरुद्ध धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज तैयार करना,का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण में फरार आरोपी लोकेश्वर कुमार साहू को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा विगत तीन वर्षों से ऑनलाइन जुआ खेलने एवं जुआ में बहुत ज्यादा पैसा हार जाने से उधारी हो जाने की बात बताई गई। हारे हुए रकम की भरपाई हेतु आरोपी द्वारा प्रार्थी एवं उनके रिश्तेदारों को विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम से 60 लाख रुपए नगद लेना एवं फर्जी नियुक्तिपत्र देने की बात आरोपी द्वारा कबूल किया गया है। आरोपी को 14/05/2025 को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड लेकर लगातार पूछताछ किया गया था। जिसमें आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, सीपीयू,बोलेरो वाहन, ऑनलाइन गेमिंग के दस्तावेज, प्रार्थी से प्राप्त नकद राशि में से 40000 नकद को जप्त किया गया है पुलिस रिमांड समाप्त होने पश्चात आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

हितग्राहियों के घर घर जाकर बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

❒ नेटवर्क की असुविधा वाले स्थानों के हितग्राहियों को एक जगह एकत्रित कर शिविर लगाकर जारी किया जा रहा कार्ड

जशपुरनगर | आरएनएस

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत् लाभ दिए जाने हेतु स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डोर-टू डोर जाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम सजापानी में हितग्राहियों के घर घर जाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया गया और जहां नेटवर्क की असुविधा के कारण कार्ड बनाने में परेशानी हो रही थी वहां हितग्राहियो को एक पेड़ के नीचे एकत्रित कर शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड बनाया गया।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए केन्द्र सरकार ने 70 साल व इससे अधिक उम्र के व्यक्तियो को 5 लाख तक मुक्त ईलाज की सुविधा दिये जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया है। जिसका लाभ आयुष्मान योजना के तहत् रजिस्टर्ड किसी भी निजी और सरकारी अस्पताल में करा सकते है। इसका लाभ हर वर्ग व आयु के वरिष्ठजन ले सकते हैं। इसकी एक और खास बात यह है कि पहले से परिवार का आयुष्मान कार्ड बना हो तो भी 70 से ज्यादा वालों को 5 लाख का अतिरिक्त कवर मिलेगा। बुजुर्गो को इस योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही पात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा।

धमतरी में उपद्रवी हुए बेकाबू, पुलिस ने छोड़े अश्रु गैस के गोले और भांजी लाठियां

धमतरी | आरएनएस

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर विपरीत परिस्थितियों पर उग्र हो रहे प्रदर्शनकारी, दंगाइयों से कैसे निपटें और शांति व्यवस्था कैसे नियंत्रित करें को दृष्टिगत रखते हुए आज रक्षित केंद्र धमतरी के परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल परेड का अभ्यास किया गया है।

शुक्रवार की सुबह रक्षित केंद्र धमतरी में अभ्यास के दौरान पुलिस व पब्लिक पर पथराव कर रहे दंगाइयों को तितर-बितर कर नियंत्रित करने का अभ्यास किया गया। रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा द्वारा बलवा मॉकड्रिल रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई।

जिसमें टियर गैस पार्टी, केन पार्टी,लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी को अपना-अपना कार्य तय कर दिशा निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से पुलिस ने बात की एवं समझाने की कोशिश की किन्तु लोगों की भीड़ अचानक उग्र हो गई एवं पुलिस पर पथराव करने लगे।

यह देख पुलिस ने पहले उन्हें चेतावनी दी।

मॉक ड्रील के दौरान बलवाई नहीं माने तो टियर गैस के गोले दागे गए तब भी प्रदर्शनकारी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे, तब पुलिस द्वारा अनाउंसमेंट कर चेतावनी दी गई, किन्तु प्रदर्शनकारियों को उग्र होता देख कर पुलिस टीम द्वारा लाठी चार्ज भी किया गया।

इसके उपरांत बेकाबू भीड़ को रोकने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से बचाने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश उपरांत 05 राउंड फायर किया गया।

जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए एवं कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए जिन्हें उपचार हेतु डॉक्टर की टीम द्वारा एम्बुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

बलवा मॉकड्रिल में दोनों ही भूमिकाओं में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी थे।कानून-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए तथा विपरीत परिस्थितियों में भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए अमले को प्रशिक्षण देने और अपनी क्षमताओं की परख करने के लिए समय-समय पर इस तरह की मॉकड्रिल आयोजित की जाती है, ताकि कानून व्यवस्था ड्यूटी, धरना-प्रदर्शन इत्यादि के दौरान विपरित परिस्थितियों में पुलिसकर्मी अपने आप को सुरक्षित रखते हुए अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

रायगढ़, बस्तर, राजनांदगांव में शीघ्र नया केन्द्रीय सहकारी बैंक खोलने का प्रस्ताव

❒ अपेक्स द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को भेजा जाएगा कार्ययोजना

रायपुर | आरएनएस

केन्द्र और राज्य की जनोपयोगी योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वयन करने के लिए रायगढ़, बस्तर और राजनांदगांव में नए केन्द्रीय सहकारी बैंक खोलने का प्रस्ताव है। इसके लिए शीघ्र ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को प्रस्ताव शासन द्वारा भेजा जाएगा।

अपेक्स बैंक के अधिकारियों के अनुसार छत्तीसगढ़ में 33 से अधिक जिले बन गए हैं। वर्तमान में केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर की 70 से अधिक शाखाएं हैं, जो कि रायपुर बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी में संचालित हैं। सरकार द्वारा नए शाखाओं की अनुमति दी गई, लेकिन कर्मचारी नहीं होने के कारण नई शाखाएं नहीं खुल पा रही है। रायगढ़ में नई केन्द्रीय सहकारी बैंक खोलने की योजना है। यहां पर अपेक्स बैंक की शाखा है, जो कि धान खरीदी भुगतान एवं उज्जवला योजना, सहकारी समितियों खाद्यान्न वितरण, अन्य कार्य बखूबी कर रही है। चूंकि जिले ज्यादा हो गए हैं। इसलिए अलग-अलग जिलों में नए शाखाएं खोलना आवश्यक है। अपेक्स बैंक के अधिकारियों के अनुसार राजनांदगांव तथा बस्तर में भी नया बैंक खोला जाएगा। इसके लिए प्रारूप तैयार किया जा रहा है।

राज्य में रायपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक और बिलासपुर सहकारी केन्द्रीय बैंक सबसे बड़ा बैंक है। वहीं राजनांदगांव में तथा बस्तर में जिला स्तरीय सहकारी बैंक है। लेकिन राजनांदगाव जिले में मोहला-मानपुर-खैरागढ़ तथा कवर्धा जिले हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की कॉफी पकड़ है, धान खरीदी का भुगतान इसके माध्यम से किया जाता है। इसलिए धान खरीदी सीजन में इन बैंकों कॉफी भीड़ लगी रहती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा यदि अनुमति मिल जाती है तो इसे खोल दिया जाएगा। अपेक्स बैंक के अनुसार इन बैंकों को खोलने के लिए प्रारूप तैयार हो गया है, इसे कैबिनेट में रखा जाएगा। इसके पश्चात इसे रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में भेजा जाएगा। छत्तीसगढ़ में अपेक्स बैंक शीर्ष सहकारी बैंक है। इसके माध्यम से ही बैंक खोले जाएंगे। बैंकों की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति बनाने का प्रयास किया जाएगा। इन बैंकों के खुलने से सूदर क्षेत्रों में ग्रामीणों को लाभा पहुंचेगा।